कार्यालय– जिला कार्यक्रम अधिकारी, सीतापुर।

पत्रांक 6923 /बा0वि0परि0/जि0का0अ0/पो0ट्रै0/2022–23 दिनांक 18/07/2022

समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्र0,
जनपद– सीतापुर

दिनांक 15.07.2022 को निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ की अध्यक्षता में आहूत जूम मीटिंग में जनपद सीतापुर की पोषण ट्रैकर में आधार फीडिंग की स्थिति अत्यंत खराब पायी गयी एवं निदेशक महोदया द्वारा इस हेतु अत्यंत रोष व्यक्त करते हुए स्थिति सुधार के निर्देश दिए गए हैं, परंतु इसके उपरांत भी आज दिनांक 18.07.2022 तक भी आधार फीडिंग की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है, जो कि अत्यंत खेद का विषय है।

पोषण ट्रैकर में आधार फीडिंग की ऑनलाइन रिपोर्ट की समीक्षा में निम्न 02 प्रकार की विसंगतिया प्रकाश में आयी हैं–

1. Aadhar Verified Error

2. Aadhar Unverified

उक्त विसंगतियों के निराकरण के संबंध में अवगत कराना है कि **Aadhar Verified Error** उस स्थिति में प्रदर्शित होता है जब आधार की फीडिंग में नाम अथवा आधार नं0 आदि की फीडिंग त्रुटिपूर्ण हुयी हो एवं **Aadhar Unverified** उस स्थिति में प्रदर्शित होता है जब आधार की फीडिंग उपरांत संपूर्ण फीडिंग को **Verifiy** न किया गया हो।

अतः उपरोक्त विसंगतियों के निराकरण हेतु अपनी परियोजना की समस्त ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को निर्देशित करें कि वह संपूर्ण आधार फीडिंग का परीक्षण कर पुनः उपरोक्तानुसार त्रुटियों का निराकरण करे एवं इस कार्य को मुख्य सेविका अपने निर्देशन में पूर्ण करवायें। इसके अतिरिक्त योग्य ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने केन्द्र के साथ 10 से 15 अन्य ऑगनबाड़ी केन्द्रों के आधार फीडिंग कार्य की त्रुटियों के निराकरण का कार्य सौंपा जाए, जिससे कार्य त्वरित गति से संपादित हो सके एवं जनपद की स्थिति पहले से बेहतर प्रदर्शित हो।

उपरोक्त कार्य प्रत्येक स्थिति में 02 दिवस में पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें।

(मनोज कुमार राव)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
सीतापुर।

पृष्ठांकन सं0 /तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. निदेशक महोदया, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सीतापुर।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
सीतापुर।